*कार्यालय : प्रभागीय वनाधिकारी,*
*टिहरी वन प्रभाग,*
*नई टिहरी।*

*फोन/फैक्स : 01376–232077,*
*ई:मेल*
*:dfotehri_ua@rediffmail.com*

---

*पत्रांक : 4023 /12–1* *नई टिहरी, दिनांक– 29/05/ 2024*

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
नर्माण खण्डल, लो0नि0वि0,
चम्बा।

विषयः– **जनपद टिहरी गढवाल के विधानसभा क्षेत्र धनौल्टी के अन्तर्गत लालूरी कोटी मैंहरों की मंजखेत मोटर मार्ग के मंजखेत से मोरियाणा तक नव निर्माण हेतु 3.175 है वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन (Online No-FP/UK/ROAD/49876/2020)**

सन्दर्भः– प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड, देहरादून का पत्रांक–2225/12–1, दिनांक–11.03.2025।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जो कि आपको भी पृष्ठांकित है। उक्त पत्र संलग्न कर इस आशय से प्रेषित कि प्रश्नगत प्रकरण में इंगित कमियों का निराकरण कर, निराकरण आख्या यथाशीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

<u>संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।</u>

भवदीय,

(पुनीत तोमर)
प्रभागीय वनाधिकारी,
टिहरी वन प्रभाग,
नई टिहरी।

कार्यालय–प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
E-Mail ID: nodalofficerddn@gmail.com, Phone/Fax: 0135 2767611

पत्रांक– 2225 / 12-1 : देहरादून : दिनांकः 11 मार्च, 2025

सेवा में,

वन संरक्षक,
भागीरथी वृत्त, उत्तराखण्ड,
मुनिकीरेती।

विषयः–जनपद टिहरी गढवाल के विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत काटी मैंहरो की मंजखेत मोटर मार्ग के मंजखेत से मोरियाणा तक नव निर्माण हेतु 3.175 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन। (प्रस्ताव संख्या–FP/UK/ROAD/49876/2017)

संदर्भः–आपका पत्रांक 1396/12–1 दिनांक 15.01.2025.

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के माध्यम से विषयक प्रकरण पर भारत सरकार के EDS पत्र दिनांक 14.04.2023 द्वारा इंगित आपत्तियों की निराकरण आख्या इस कार्यालय को प्रेषित की गयी है। उक्त आख्या का अवलोकन करने पर निम्न कमियां दृष्टिगत हो रही है, जिनका निस्तारण करवाया जाना नितान्त आवश्यक है।

1. बिन्दु संख्या 5 के क्रम में सक्षम प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित मोटर मार्ग के निर्माण का विस्तृत औचित्य मय पुष्ठ प्रमाणों के उपलब्ध कराना अपेक्षित है।
2. बिन्दु संख्या 14 के क्रम में वर्तमान स्थितिनुसार भू–वैज्ञानिक की आख्या संलग्न की जानी अपेक्षित है।

अतः उपरोक्तानुसार बिन्दुओं की निराकरण आख्या इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सकें।

भवदीय,

(आर0के0 मिश्र)
प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी, (वन संरक्षण)

संख्या 2225 / 12–1 तद्दिनांकित।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रभागीय वनाधिकारी, टिहरी वन प्रभाग, नई टिहरी।
2. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, चम्बा, जिला–टिहरी गढवाल।

(आर0के0 मिश्र)
प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी, (वन संरक्षण)